Title: Need to review the implementation of Drought Prone Area Programme in Chitrakut and Banda districts of Uttar Pradesh.

श्री राम सजीवन (बांदा): अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के चित्रकूट और बांदा जिलों में डीपीएपी (सूखोन्मुख क्षेत्र) कार्यक्रम के कार्यान्वयन में भारी सुधार की आवश्यकता है। यह योजना अभी भी लाभार्थी किसानों की सक्रिय भागीदारी से बहुत दूर है। लाभार्थी किसानों को कमेटियों के गठन व कार्यान्वयन की पूर्णरूपेण जानकारी नहीं है। सांसदों व अन्य जन प्रतिनिधियों से कोई राय-मशविरा नहीं लिया जाता। लोगों को यह भी नहीं बताया जाता कि कितने ग्रामीण क्षेत्रों और कौन कौन से गांवों में यह योजना चल रही है। प्रत्येक क्षेत्र में कितने चरण पूरे हुए और उनमें से प्रत्येक क्षेत्र को अभी तक कितनी कितनी धनराशि भारत सरकार द्वारा अवमुक्त की गयी। उनकी कार्यदायी समितियों की देखरेख व नियंत्रण किन सरकार व अर्द्ध सरकारी संस्थाओं के हाथ में है।

अतः शासन स्तर से इस योजना के पुनःपरीक्षण की आवश्यकता है। स्थलीय निरीक्षण करके प्रगति आख्या का मूल्यांकन किया जाए, सांसदों की राय मशविरा को महत्व दिया जाए तथा सुधार की प्रक्रिया शीघ्र अपनायी जाए।